जनतंत्र टुडे

Best Selling BLOG and MAGAZINE
Theme of All Time
Experience the change!



# अन्तराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में एक राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन लाइव क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

By Shreyash Panchal September 15, 2022

**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के नेतृत्व मे राजनीति शास्त्र विभाग के द्वारा किया गया। प्रत्येक वर्ष 15 सितम्बर अन्तराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के रुप में मनाया जाता है . इसकी शुरुआत 2007 मे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई . यह अन्तराष्ट्रीय स्तर पर लोकतंत्र को बढ़ावा देने, उसकी समीक्षा करने व लोगों में लोकतंत्र के प्रति जागरुकता लाने का प्रयास है . यह सभी राष्ट्र सरकारों से मानव अधिकारों को समर्थन व सम्मान देने का महत्वपूर्ण दिवस है . विद्यार्थी लोकतंत्र दिवस का महत्व समझ सके इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए क्विज के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन के लिए लोकतंत्र से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये . इस प्रतियोगिता में देश भर से विभिन्न महाविद्यालयों से 296 विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया . इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान ने प्राप्त किया, दिव्या द्वितीय स्थान पर व रिंकी तृतीय न पर रही . सभी विजेता छात्राएं हिन्दू कालेज से रहीं । प्रतियोगिता के सफल रहने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी ने बधाई दी . इस प्रतियोगिता का आयोजन राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा डॉ0 रितु व कुमारी उदिता कुंडु द्वारा करवाया गया .